हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार, 5 अप्रैल, 2025

13 जाखल नगरपालिका में प्रधान विकास...



13 स्वस्थ खानपान पर ध्यान दें छात्राएं: डॉ. नारंग



**खबर संक्षेप**

### डकैती की योजना बनाने में एक युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने 4 मरला कालोनी में डकैती की योजना बनाते हथियारों सहित पकड़े गए युवकों के मामले में आगामी कार्यवाही करते हुए एक ओर युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान संजय कुमार पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी बनगांव के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 16 जुलाई 2024 को केस दर्ज किया था।

### पशु चोरी करने के में तीन आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने गांव नागपुर से हजारों रुपये के पशु चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवकों की पहचान राजकुमार पुत्र बूटा सिंह निवासी अबोहर हाल रानियां जिला सिरसा, तारा सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह निवासी सरदूलगढ़, पंजाब व रमेश कुमार पुत्र किशन चंद निवासी नागपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। थाना सदर रतिया प्रभारी एसआई राजबीर सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 24 फरवरी को गांव नागपुर निवासी संदीप कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### भूना से विवाहिता लापता दम्पति पर केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के शहर भूना से एक विवाहिता के लापता होने का समाचार है। महिला के पति ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाकर शादी करवाने वाले दम्पति पर उसकी पत्नी को ले जाने का आरोप लगाया है। इस बारे भूना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 5 भूना निवासी एक युवक ने कहा है कि करीब दो साल पहले उसकी शादी काजल के साथ हुई थी। उसकी शादी सुरजीत व उसकी पत्नी रेखा निवासी भूना ने करवाई थी। शादी के बाद से यह दोनों अक्सर उसके घर आते-जाते हैं।

### फतेहाबाद शहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने फतेहाबाद में हांसपुर पुल के पास से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे शहर फतेहाबाद पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव हिजरावां कलां निवासी नीलम रानी ने कहा है कि गत दिवस उसका लडक़ा रवि कुमार जोकि किरयाणे की दुकान पर काम करता है, मोटरसाइकिल लेकर घर से गया था। उसके लडक़े ने मोटरसाइकिल को हांसपुर बाईपास पुल के पास खड़ा किया और रेहड़ी से सामान लेने लग गया।

### ट्यूबवैलों से सैंकड़ों फुट केबल चोरी, शिकायत

**फतेहाबाद।** चोरों ने टोहाना में कई खेतों में लगे सबमर्सीबल ट्यूब्वैलों से 6 किसानों की सैंकड़ों फुट केबल चोरी कर ली। चोरी की इन घटनाओं से किसानों में काफी रोष है। इस बारे किसानों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में रामनगर टोहाना निवासी रजनीश कुमार ने कहा है कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है और उसका बलियाला रोड पर खेत है। गत दिवस शाम को वह खेत से घर आ गया था।

### फसल अवशेष जलाने पर रोक, धारा 163 लागू

**सिरसा।** जिलाधीश शांतनु शर्मा ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगाया है। नियमों की अवहेलना करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में इस समय रबी फसलों (गेहूं, जौ, सरसों आदि) की कटाई शुरू हो चुकी है।

# खेतों में किसानों का सोना तैयार, आग बुझाने वाले दमकल विभाग की खुद की उखड़ी सांसें

फतेहाबाद के दमकल विभाग में कर्मचारियों का टोटा, एक ही फायर हाइड्रेंट से पानी भरने को मजबूर हैं

- फतेहाबाद दमकल विभाग के पास 5 गाडियां हैं, 8 घंटे ड्यूटी के हिसाब से विभाग को हर शिफ्ट में 30 कर्मचारी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गेहूं का सीजन सिर पर है। खेतों में बिजली की झूलती तारों से कहीं भी आगजनी की घटना से इंकार नहीं किया जा सकता लेकिन दमकल विभाग की अपनी सांसें ही उखड़ी हुई है। ऐसे में कैसे बुझेगी आग, यह सोचकर ही किसानों के साथ-साथ आम लोगों के माथे पर भी चिंता की लकीरें खिंच जाती है। दमकल विभाग के हालात यह हैं कि जिले में विभाग के पास कच्चे-पक्के 129 कर्मचारी ही है जबकि विभाग को इस समय जिले में 201 कर्मचारियों की जरूरत है। इतना ही नहीं, अग्निशमक की गाडियों में पानी भरने के लिए फायर हाइड्रेंट भी पर्याप्त संख्या में नहीं है।

फतेहाबाद दमकल विभाग की बात करें तो यहां विभाग के पास आग को बुझाने 5 गाडियां व 1 रेस्क्यू टेंडर है। जाखल की गाड़ी खराब होने के चलते एक गाड़ी फतेहाबाद से जाखल भेजी गई है। इसके बाद फतेहाबाद में केवल 4 गाडियां ही शेष बची है। ऐसे ही भट्टू में 2, भूना में 1, रतिया में 3, धारसूल में 2 व टोहाना में दमकल विभाग के पास 3 गाडियां है। जाखल में 1 गाड़ी लंबे समय से खराब है। दमकल के अधिकारियों ने इसे ठीक करवाने के लिए मुख्यालय को लिखा हुआ है। अब सवाल यह है गेहूं का सीजन सिर पर है। एक दमकल विभाग पर 20 किलोमीटर का दायरा आता है। यहां बिजली की झूलती तारें आपस में टकराने और उनमें स्पार्किंग होने से हर साल आग लगती है, जिससे खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल राख के ढेर में तबदील हो जाती है। ऐसे में दमकल विभाग की जरूरत और ज्यादा महसूस होती है।

**एक गाड़ी पर 6 कर्मचारियों का क्रू रहता है तैनात :** फतेहाबाद दमकल विभाग के पास 5 गाडियां हैं। 8 घंटे ड्यूटी के हिसाब से विभाग को हर शिफ्ट में 30 कर्मचारी चाहिए। यानि एक गाड़ी पर एक क्रू में 6 कर्मचारियों का स्टाफ रहता है, जिनमें एक चालक, 4 फायरमैन व 1 लीडिंग फायरमैन शामिल होता है। ऐसे में एक गाड़ी पर दिन की तीन शिफ्टों में कुल 90 कर्मचारियों की जरूरत होती है। ऐसे में फतेहाबाद में 56 कर्मचारियों की ओर जरूरत है। विभाग के पास अब सिर्फ 34 कर्मचारियों का स्टाफ है, जिनमें मुख्य फायर ऑफिसर जींद को यहां का एडिशनल चार्ज दिया गया है जबकि सब फायर ऑफिसर के दो पद खाली है। 34 में से 5 कर्मचारी की पक्के हैं जबकि 29 कर्मचारी कच्चे तौर पर कार्य कर रहे हैं।

**8 घंटे से शिफ्ट हुई 12 घंटे, छुट्टियां रद्द :** कर्मचारियों की कमी के चलते विभाग ने इस मौसम में 8 घंटे की बजाय 12 घंटे की शिफ्ट कर दी है यानि जो कर्मचारी तैनात हैं, उन्हें 12-12 घंटे काम करना होगा। विभाग ने गेहूं के सीजन को देखते हुए सभी छुट्टियां व अन्य रेस्ट रद्द कर दिए हैं।



फतेहाबाद। दमकल विभाग में खड़ी गाडियां। फोटो : हरिभूमि

**दमकल विभाग के पास एक ही फायर हाइड्रेंट, संख्या बढ़ाने के लिए लिखा पत्र**

फतेहाबाद दमकल विभाग के पास भट्टू रोड पर एक जगह ही फायर हाइड्रेंट है, जहां से आग लगने की स्थिति में पानी गाड़ियों में भरा जाता है। आसपास के क्षेत्रों में आग लगती है तो इन गाडियों को पानी भरने के लिए वापस फतेहाबाद के भट्टू रोड पर आना पड़ता है। विभाग ने इसको लेकर विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा है कि हिसार रोड, भूना रोड, सिरसा रोड, रतिया रोड व मुख्य गांवों में फायर हाइड्रेंट बनाए जाएं ताकि आग लगने की सूरत में तुरंत गाड़ियों में पानी भरा जा सके। फायर आफिसर का कहना है कि आग लगने की स्थिति में वापस शहर में आकर पानी भरना पड़ता है। गेहूं के सीजन में भट्टू रोड पर अनाज मण्डी के बाहर जाम लगा हो तो आग को बुझा पाना कठिन काम हो जाता है।

**क्या है फायर हाइड्रेंट**

फायर हाइड्रेंट आग बुझाने के लिए पानी की आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण बिंदु है, जो अग्निशमन कर्मियों को पानी तक जल्दी पहुंचने में मदद करता है। फतेहाबाद में इस समय केवल एक ही फायर हाइड्रेंट है जबकि विभाग शहर में 6 और बड़े गांवों में 1-1 फायर हाइड्रेंट की डिमांड कर रहा है। इसको लेकर फतेहाबाद के अधिकारियों ने विभाग को पत्र लिखा है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### यातायात थाना पुलिस ने 63 वाहनों के काटे चालान

**डबवाली।** पुलिस ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 63 वाहन चालकों के चालान किए। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि चालकों द्वारा मोटर वाहन अधिनियम का पालन न करने वाले ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट, लाइन चेंज, रॉन्ग पार्किंग, बिना सीट बेल्ट, बिना नंबर प्लेट, बिना पैटर्न नंबर प्लेट के चलते 63 वाहन चालकों के चालान किए गए है। दो बुलेट पर साइलेंसर से पटाखे चलाने व अन्य धाराओं के तहत एक बुलेट का 22000 का चालान व दूसरे का नाका लोहगढ़ पर चैकिंग के दौरान 33,500 का चालान कर इंपाउड किया गया है। उन्होंने बताया कि भविष्य में किसी भी वाहन चालक को नियमों का पालन न करने पर सख्ती से निपटा जाएग।

# 2.34 लाख की साइबर धोखाधड़ी करने के दो और आरोपी किए गिरफ्तार, टास्क पूरा कर मोटे मुनाफे का दिया था लालच

महिला को लालच देकर लिया झांसे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर केसूपुरा निवासी एक महिला से हुई करीब 2 लाख 34 हजार रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने के मामले में दो और युवकों को राजस्थान के चुरू क्षेत्र से काबू किया है। साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनकर यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान आदित्य चतुर्वेदी पुत्र रविंद्र चतुर्वेदी निवासी वार्ड नंबर 6 नजदीक गौशाला तहसील व जिला चूरू तथा मनीष शर्मा पुत्र गंगाधर शर्मा वार्ड नंबर 4 गांव थैलासर जिला चूरू, राजस्थान के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि केसूपुरा निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात मोबाइल नंबर से उसके पास कॉल आई और कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आप हमारे टेलिग्राम एप से जुडक़र घर बैठे-बैठे लाखों करोड़ों रुपए कमा सकते हो। इसके लिए आपको कंपनी के बताए हुए टास्क को पूरा करना होगा, जैसे ही टास्क पूरा होगा आपके खाते में पैसे आ जाएंगे। कुछ समय बाद मेरे मोबाइल नंबर पर एक टेलिग्राम लिंक आया जैसे ही मैने लिंक को क्लिक किया तो उसमें टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने का विज्ञापन चल रहा था। मैने लालच में आकर 2 लाख 34 हजार रुपए का इंवेस्टमेंट कर दिया और बाद में पैसा निकालने के लिए वेबसाइट पर आए लिंक को क्लिक किया तो टेलिग्राम एप पूरी बंद हो गया जब तक मुझे एहसास होता तब तक में साइबर ठगी की का शिकार हो चुकी थी।



सिरसा। पकड़े गए आरोपी पुलिस गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

**राजस्थान के चुरू क्षेत्र से किया काबू**

**पीड़ित महिला की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस सिरसा ने की कार्रवाई**

थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में पीड़ित महिला की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन सिरसा में बीती 27 फरवरी 2025 को साइबर ठगी का केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की विशेष टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपियों को राजस्थान के चुरू क्षेत्र से काबू कर लिए है। गौरतलब है कि इस संबंध में एक आरोपी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांरड अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर ठगी की राशि बरामद की जाएगी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है और जांच के दौरान जो भी व्यक्ति ठगी के इस नेटवर्क में संलिप्त पाया गया उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एएसआई रोहताश कुमार पदोन्नत, दी बधाई

**सिरसा।** एसपी विक्रांत भूषण ने बडागुढा थाना में तैनात एएसआई रोहताश कुमार को सब इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत होने पर उनके कंधों पर स्टार लगा कर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। एसपी विक्रांत भूषण ने कहा कि कंधों पर स्टार लगने से अब जिम्मेदारी भी बढ़ गई है, इसलिए और अधिक मेहनत और लगन से अपने कर्तव्य का बेहतर ढंग से निर्वहन कर समाज सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करें। एसपी ने कहा कि जहां भी ड्यूटी लगे वहां के लोगों से मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित कर उनका सहयोग लें तथा अपनी एक बेहतरीन उपस्थिति दर्ज करवाएं। गौरतलब है कि इससे पहले उप निरीक्षक रोहताश कुमार जिला फतेहाबाद व टोहाना की सीआईए ईकाई में अपनी सेवाएं दे चुके है।

## पुलिस ने बीस हजार की सट्टा राशि सहित किया गिरफ्तार

**सिरसा।** डिंग थाना पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान डिंग मंडी क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर सट्टाखाईवाली करते हुए एक व्यक्ति को 20,400 रुपए की सट्टाराशि के साथ काबू किया है। डिंग थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर भीम सिंह ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान बोदीलाला से मोचीवाला रोड डिंग मंडी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी ने महत्वपूर्ण सूचना मिली कि अनाज मंडी के गेट पर एक व्यक्ति सरेआम सार्वजनिक जगह पर सट्टाखाईवाली कर रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस पार्टी ने उक्त सूचना के आधार पर अनाज मंडी डिंग के गेट पर दबिश देकर एक व्यक्ति को सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करते हुए काबू कर उसके कब्जा से 20,400 रुपए की सट्टाराशि बरामद की। आरोपी की पहचान विनोद कुमार पुत्र लालचंद निवासी डिंग मंडी जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना डिंग में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# बायो फेंसिंग अटेंडेंस के विरोध में सौंपा ज्ञापन

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी सिरसा ने शुक्रवार को एनएचएम कर्मचारियों की मांगों को लेकर सिविल सर्जन डॉक्टर महेन्द्र कुमार भादू को मिशन निदेशक एनएचएम पंचकूला के नाम ज्ञापन सौपा।

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ सिरसा के प्रधान कुंदन गावडिय़ा ने बताया कि एनएचएम कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले कई सालों से मिशन निदेशक और मुख्यमंत्री से मिल चुके हैं। लिखित में अपनी मांगों को मनवाने के लिए मुलाकात भी कर चुके हैं, लेकिन सरकार ने एनएचएम के लिए कोई सही कदम नहीं उठाया। आज हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाएं एक नंबर पर बताई जाती हैं जो एनएचएम कर्मचारियों की मेहनत का ही नतीजा है। मगर, सरकार उन्हें कुछ देने की बजाय उनके बायोलॉज को फ्रीज कर रही है। कुछ दिन पहले पूरे हरियाणा के एनएचएम कर्मचारियों ने सीएम आवास पर जाकर मुख्यमंत्री को अपनी मांगें अवगत कराने की कोशिश की थी। इस दौरान एनएचएम कर्मचारियों पर पानी की बौछारें व आंसू गैस के गोले बरसाए गए। हाल ही में मिशन निदेशक ने एक लेटर जारी किया जिसमें लिखा है कि सिर्फ एनएचएम कर्मचारियों को बायो फेंसिंग अटेंडेंस लगानी होगी जो कि पूरे हरियाणा में सिर्फ एनएचएम कर्मचारियों पर लागू होगी। यह संकेत है कि एनएचएम कर्मचारियों का पूरी तरह से शोषण किया जा रहा है। एनएचएम कर्मचारियों ने सरकार को चेतावनी दी है कि उनका शोषण बंद किया जाए नहीं तो एनएचएम कर्मचारियों किसी बड़े आंदोलन का हिस्सा बनेंगे जिसकी सारी जिम्मेवारी सरकार व प्रशासन की होगी। इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ सिरसा के प्रधान कुन्दन गावाडिया, सह जिलामंत्री विनोद जांगड़ा, एंबुलेंस से कृष्ण कुमार, डॉ. अमित, राजेंदर, पूनम फार्मासिस्ट शेर सिंह, स्टाफ नर्स सुनीता, परमजीत, कृष्णा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



सिरसा। सीएमओ को ज्ञापन सौंपते एचएनएम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**मांगों को प्रदर्शन** दूसरे चरण में सिरसा, रेवाड़ी, दादरी और यमुनानगर डिपो में 24 घंटे की भूख हड़ताल

# रोडवेज कर्मचारियों की 24 घंटे की भूख हड़ताल समाप्त, टीएम को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर डिपो में वीरवार से शुरु की गई 24 घंटे की भूख हड़ताल शुक्रवार को समाप्त हो गई। आज दूसरे दिन दोपहर 12 बजे जीएम की अनुपस्थिति में टीएम को रोडवेज विभाग के महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। टीएम ने जूस पिलाकर कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त करवाई। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों कां मांगपत्र उचित माध्यम से महानिदेशक तक भिजवाने का काम करेंगे। भूख हड़ताल में राजू बिश्नोई, विजय नागपुर, कुलदीप नैन, भजन सिंह, धर्मपाल टोहाना, कुलदीप मलिक, वीरेंद्र कुलेरी, राजकुमार, जोगिंद्र रेडू , इंद्रपाल सहारण, चूनीलाल, हर्ष डारा आदि शामिल रहे जिनको विभाग के टीएम ने जूस पिलाकर उनकी भूख हड़ताल समाप्त करवाई।

भूख हड़ताल मे शामिल कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए राज्य मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य जयबीर घणघस, शिव कुमार, प्रदेश प्रवक्ता पृथ्वी सिंह चाहत, अमित महाराणा, कुलदीप पाबड़ा, चमन स्वामी, मायाराम उनियाल आदि नेताओ ने बताया कि 16 जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार उमाशंकर, परिवहन मंत्री असीम गोयल, रोडवेज विभाग के उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में यूनियन प्रतिनिधिमण्डल के साथ बैठक में कर्मचारियों की अनेक मांगो को जायज मानते हुए सहमति बनी थी। मानी गई मांगो के परिपत्र जल्द जारी करके उन्हें लागू करने का भरोसा दिया था, लेकिन मानी गई मांगो के परिपत्र अभी तक जारी नही किए गए। इससे कर्मचारियों को आर्थिक नुक्सान व अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि मानी गई कर्मचारियों की जायज मांगो को लागू न करने के विरोध में आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए दूसरे चरण में 8 अप्रैल को सिरसा, रेवाड़ी, दादरी और यमुनागर डिपो में 24 घण्टे की भूख हड़ताल की जाएगी। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अगर फिर भी सरकार नही जागती तो परिवहन मंत्री का घेराव करना और हड़ताल पर जाने जैंस कडा कदम उठा सकते हैं।



फतेहाबाद। रोडवेज टीएम को मांग पत्र सौंपते रोडवेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**परिवहन मंत्री के घेराव की चेतावनी**

**कर्मचारियों की प्रमुख मांगे**

कर्मचारियों की मुख्य मांगो में परिचालक, चालक, लिपिक का ग्रेड पे बढ़ाना, एक माह में चालक-परिचालकों के 30 से घटाकर 10 किए गए रात्रि ठहराव को 25 तक देने, चालक-परिचालक, निरीक्षक, उप निरीक्षक व कर्मशाला के कर्मचारियों को एक साल में मिलने वाले देय अर्जित अवकाश जो 33 से घटाकर 18 किए थे, उन्हें अब 30 देय अर्जित अवकाश देने, वर्ष 2002 में भर्ती हुए चालको को नियुक्ति तिथि से पक्का करके पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने, वर्ष 2016 में सभी प्रकिया पूर्ण उपरांत भर्ती किये गए लगभग 300 चालकों को पक्का करने, चालकों के लिए अड्डा इंचार्ज का नया पद सृजित करके प्रमोशन देने, विभाग में जोखिम भरी ड्यूटी करने वाले सभी कर्मचारियों को जोखिम भत्ता देने, व एक्सग्रेसिया नीति में लगाई गई सभी शर्तो को हटाने सहित अनेक मांगों को उठाया गया है।




सिरसा। प्रशिक्षणार्थी को नशे के खिलाफ जागरूक करते लाल बहादुर बैनीवाल।

## नशा न करने की दिलाई शपथ

**सिरसा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को रानियां बाजार स्थित रेडक्रॉस भवन में प्रोफेशनल फस्र्ट-एड ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने उपस्थितजन को सडक़ सुरक्षा नियमों के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थी समाज के सबसे अच्छे वालंटियर साबित हो सकते हैं। वे न केवल सडक़ दुर्घटनाओं के समय तुरंत सहायता प्रदान कर सकते हैं, बल्कि सामाजिक कुरीति नशे की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। रेडक्रॉस के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी ने प्रशिक्षणार्थियों को शपथ दिलाई कि वे न तो स्वयं नशा करेंगे और न ही दूसरों को नशा करने देंगे। साथ ही, वे पहले से नशे में संलिप्त लोगों को नशा छोडऩे के लिए प्रेरित करेंगे।



पृथ्वी सूर्य के चारों ओर 29 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से चक्कर लगा रही है।



धरती से अगर चन्द्रमा गायब हो जाए तो पृथ्वी पर एक दिन महज छह घंटे का होगा।



# प्रकृति प्रेमी हैं तो वन सेवा में ऑफिसर अच्छा करियर विकल्प



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारतीय वन सेवा का पद भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। अगर आपका भी सपना है कोई अच्छे पद पर सरकारी जॉब करने का तो आपके लिए आईएफएस एक बढ़िया ऑप्शन हो सकता है। आईएफएस एक ऐसी सरकारी जॉब है जिसमे आप अपना बेहतरीन करियर बना सकते हो। यह लेख पड़ने के बाद आप यह अच्छे से समज सकेंगे कि आईएफएस ऑफिसर कैसे बने और आईएफएस का फुल फोर्म क्या होता है। आईएफएस बनने के लिए क्या क्या योग्यता होनी चाहिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। हालांकि यह करियर बनाने का एक बेहतरीन क्षेत्र है।

## क्या होता है इंडियन फॉरेस्ट सर्विस

इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (आईएफएस ) जिसे हिंदी में भारतीय वन सेवा के पद के नाम से जाना जाता है और यह भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। जैसे कि आईएएस, आईपीएस और आईएफएस। आईएफएस को 1966 में अखिल भारतीय सेवा अधिनियम 1951 के तहत भारत सरकार द्वारा गठित किया गया। जैसे कि नाम से ही पता चलता है फॉरेस्ट ऑफिसर का काम जंगलों की देखरेख करने से लेकर जंगलों की अवैध कटाई पर रोक लगाने का होता है। अब तो वन विभाग सेक्टर में काफी बदलाव भी आ रहे है जैसे कि इसमें बहुत ज्यादा नौकरियां निकलने लगी है और वन विभाग में अफसर होना कोई छोटी बात नहीं है और इसमें सैलरी पैकेज भी काफी अच्छा रहता है। आईएफएस यानी कि इंडियन फोरेस्ट सर्विस की नियुक्ति एक वन रक्षक के रूप में होती है जिसमे आपको देश की सेवा करने का मौका भी मिलता है। आईएफएस की जॉब में एक शानदार भविष्य की कामना कर सकते है।

## जरूरी योग्यताएं

आईएफएस बनने के लिए आपको सबसे पहले इसके एग्जाम की पतैयारी पर पूरा ध्यान देना होगा। अगर आप नहीं जानते है कि आईएफएस की तैयारी कैसे करे तो घबराइए मत हम आपको पूरा प्रोसेस शेयर करेंगे। आईएफएस के पद पर कार्यरत होने के लिए आपको आईएफएस का एग्जाम पास करना जरुरी होता है इसके बाद ही हम इस पद के अधिकारी बन सकते है। आईएफएस के लिए क्या योग्याएं होनी चाहिए चलो जानते है।

### ये है आयु योग्यता

अगर आप इंडियन प्रेस ऑफिसर बनना चाहते हैं तो आपकी न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष होनी अनिवार्य है। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग जैसे ओबीसी , एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस आदि कैंडिडेट के लिए आयु सीमा में छूट का प्रावधान मिलता है।

### स्नातक की डिग्री जरूरी

फोरेस्ट विभाग में ऑफिसर बनने के लिए शैक्षिक योगयता में उमीदवार को किसी एक विषय में स्नातक डिग्री होना जरुरी है। जैसे कि गणित, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, पशु चिकित्सा विज्ञान, पशुपालन इंजीनियरिंग, वानिकी, वनस्पति विज्ञान, कृषि सांख्यिकी अदि में किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएट है तो आप फोरेस्ट ऑफिसर बनने के लिए अप्लाई कर सकते हो।

## पास करनी होगी परीक्षा

**भारतीय वन अधिकारी बनने के लिए आपको तीन चरणों को क्लियर करना होता है जिसके बाद आईएफएस बन सकते हैं।**

**प्राथमिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार**

इन तीनों राउंड में से सबसे पहले आपका प्री एग्जाम होता है जो ऑब्जेक्टिव टाईप रहता है और प्री एग्जाम को पास कर लेने के बाद आप मेन्स एग्जाम में बैठने के योग्य होते हैं। और मुख्य परीक्षा आपकी सब्जेक्टिव यानी कि इसमें विस्तार से प्रश्न पूछे जाते हैं। प्री और मेन्स परीक्षा पास कर लेने के बाद आखिर में कैंडिडेट्स को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है जो के फाइनल स्टेप होता है। इस इंटरव्यू को क्लीयर कर लेने के बाद कैंडिडेट्स को फाइनली ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है।

### मुख्य काम

वन विभाग और वन मंत्रालय की जानकारी के लिए जंगल के पेड़ पौधों, जीव जंतुओं से जुड़ा सर्वे करना, कागजी कार्यवाही करना और रिपोर्ट तैयार करना। भेड़, बकरियों व अन्य सभी पालतू जानवरों को वन भूमि पर चरने से रोकना। घायल जीव जंतुओं और पक्षियों को चिकित्सा सहायता देना या उन्हें ऐसे जगह पहुंचाना जहां वे ठीक हो सके और सुरक्षित रहें। जंगल में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना ताकि जंगल का विकास हो सके। शिकारियों को शिकार ना करने देना, अवैध रूप से काटी गई लकड़ी या शिकार किए गए जानवरों या जानवरों के अंगों को जब्त करना।

### सैलरी

आईएफएस अफसर के बारे सभी जानकारी जानने के बाद अब हमारे मन में आखरी और महत्वपूर्ण सवाल होता है कि आखिर इतनी मेहनत करने के बाद आईएफएस की सैलरी क्या होगी। तो हम आप को बता दें कि आईएफएस अफसर को सैलरी काफी अच्छी मिलती है और उसमे समय समय पर इजाफा भी होता है। आईएफएस के पद में 15600 रु प्रति माह से लेकर 40000 रु प्रति माह वेतन देह होता है और 5400 रु ग्रेड पे भी मिलती है। आईएफएस के पद में कई सारे भत्ते अदि भी मुहैया कराये जाते हैं।

---

## यह पेशा रुतबे के साथ-साथ अच्छा पैसा कमाने का भी देता है मौका

# ट्रेंड फोरकास्टर बन बाजार की नीतियों को पहचानें और बनाएं शानदार करियर

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## उद्योगों के भविष्य को समझने में करता मदद

अगर आप भी एक नए करियर विकल्प को अपनाना चाह रहे हैं तो आपके लिए ट्रेंड फोरकास्टर बनना एक अच्छा करियर विकल्प हो सकता है। इस पेशे में रुतबे के साथ-साथ अच्छा पैसा कमाने का भी मौका मिलता है। अगर आपको बदलते फैशन, बाज़ार की नीतियों, सामाजिक प्रवृत्तियों को समझने और भविष्यवाणी करने में रुचि है, तो ट्रेंड फोरकास्टर एक बेहतरीन करियर विकल्प है। यह पेशा आपको उद्योगों के भविष्य को समझने और नई संभावनाओं को खोजने का अवसर देता है। ट्रेंड फोरकास्टिंग मुख्य रूप से फैशन, टेक्नोलॉजी, बिजनेस, मार्केटिंग और सांस्कृतिक रुझानों का विश्लेषण करके कंपनियों को आने वाले बदलावों के लिए तैयार करने में मदद करता है। ट्रेंड फोरकास्टिंग में गहरी रिसर्च, उपभोक्ताओं के व्यवहार का विश्लेषण, और डिजिटल टूल्स का उपयोग करके भविष्य के ट्रेंड्स को पहचानने की आवश्यकता होती है। यह पेशा न केवल रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देता है, बल्कि विभिन्न उद्योगों में कंपनियों की रणनीतियों को भी आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चाहे वह फैशन डिजाइनर हों, मार्केटिंग टीमें हों, या निवेशक, सभी ट्रेंड फोरकास्टर्स की भविष्यवाणियों पर भरोसा करते हैं ताकि वे प्रतिस्पर्धा में आगे रह सकें।



Pexels/Los Muertos Crew

### ट्रेंड फोरकास्टर क्या है



ट्रेंड फोरकास्टर का मुख्य कार्य भविष्य के ट्रेंड्स की पहचान और विश्लेषण करना होता है। वे विभिन्न डेटा, उपभोक्ता व्यवहार, बाजार की स्थितियों और सामाजिक बदलावों का अध्ययन करके आने वाले महीनों या वर्षों में संभावित रुझानों की भविष्यवाणी करते हैं।

### ट्रेंड फोरकास्टिंग के प्रमुख क्षेत्र

- फैशन ट्रेंड फोरकास्टिंग : आगामी कपड़ों की शैलियों, रंगों, और डिज़ाइनों की भविष्यवाणी करना।
- बिजनेस और मार्केटिंग फोरकास्टिंग: उपभोक्ताओं के व्यवहार और खरीदारी के रुझानों को समझना।
- टेक्नोलॉजी ट्रेंड फोरकास्टिंग: नई तकनीकों और डिजिटल परिवर्तनों की भविष्यवाणी करना।
- सांस्कृतिक और सामाजिक ट्रेंड्स: समाज में होने वाले बदलावों और उनकी दिशा को समझना।
- ब्यूटी और लाइफस्टाइल फोरकास्टिंग: स्किनकेयर, मेकअप और हेल्थ से जुड़े रुझानों की पहचान।

### वेतन और संभावनाएं

ट्रेंड फोरकास्टिंग में वेतन निजी और सरकारी क्षेत्रों में भिन्न हो सकता है। निजी कंपनियों में, एक शुरुआती ट्रेंड। इसमें अनुभव के आधार पर भी वेतन निर्भर करता है। जितना अच्छा आपका अनुभव होगा उतना ही आप कमाई कर पाएंगे।

फोरकास्टर को 40,000 रुपये से 60,000 रुपये प्रति माह मिल सकता है, जबकि अनुभवी पेशेवरों का वेतन 1,50,000 रुपये से 3,00,000 प्रति माह तक हो सकता है। शीर्ष स्तर के ट्रेंड फोरकास्टर्स को डेलॉयट, बीसीजी, नीलसन, और मैकिन्से जैसी कंपनियों में आकर्षक पैकेज मिलते हैं।

-सरकारी संगठनों जैसे भारतीय कपड़ा मंत्रालय, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, और भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग में भी ट्रेंड विश्लेषकों की मांग रहती है, जहां वेतन 50,000 रुपये से 1,20,000 रुपये प्रति माह तक हो सकता है। फ्रीलांस ट्रेंड फोरकास्टर्स भी क्लाइंट-बेस्ड मॉडल पर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### तेजी से बढ़ता हुआ करियर

ट्रेंड फोरकास्टिंग एक रोमांचक और तेजी से बढ़ता हुआ करियर है। यदि आपको मार्केटिंग, फैशन, टेक्नोलॉजी और उपभोक्ता व्यवहार की गहरी समझ है और आप नई चीज़ों की भविष्यवाणी करने में रुचि रखते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है।

### शिक्षा और योग्यता

**ट्रेंड फोरकास्टर बनने के लिए किसी विशेष डिग्री की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन निम्नलिखित विषयों में शिक्षा आपके लिए फायदेमंद हो सकती है**

**फैशन, टेक्नोलॉजी, बिजनेस, मार्केटिंग और सांस्कृतिक रुझानों का विश्लेषण करना होगा**

**कंपनियों को आने वाले बदलावों के लिए तैयार करने में करता है मदद**

### प्रमुख कोर्स और संस्थान

- फैशन डिजाइन और मर्चेंडाइजिंग–नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), पर्ल अकादमी।
- मार्केटिंग और बिजनेस स्टडीज़–भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), दिल्ली विश्वविद्यालय।
- मीडिया और कम्युनिकेशन–जामिया मिल्लिया इस्लामिया, एमिटी यूनिवर्सिटी।
- डेटा एनालिटिक्स और सांख्यिकी–इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट।
- साइकोलॉजी और सोशियोलॉजी–जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआरईएसएस)

### प्रमुख कौशल

**एक सफल ट्रेंड फोरकास्टर बनने के लिए निम्नलिखित कौशल आवश्यक होते हैं।**

- बाज़ार और उपभोक्ता व्यवहार की समझ– उपभोक्ता की पसंद और प्रवृत्तियों को समझने की क्षमता।
- डेटा विश्लेषण– सांख्यिकी और एनालिटिक्स टूल्स (एक्सल, पायथन, आर) का ज्ञान।
- क्रिएटिव और आलोचनात्मक सोच–नए रुझानों को पहचानने और उनकी व्याख्या करने की क्षमता।
- डिजिटल मार्केटिंग का ज्ञान–सोशल मीडिया ट्रेंड्स व ऑनलाइन उपभोक्ता व्यवहार का विश्लेषण।
- संचार और प्रस्तुति कौशल–अपनी रिपोर्ट और निष्कर्षों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने की क्षमता।

### करियर के अवसर

- फैशन कंपनियां– ज़ारा, एचएंडएम, लुई वुइटन, सब्यसाची
- मार्केट रिसर्च फर्म्स – नीलसन, मैकिन्से, बीसीजी
- टेक्नोलॉजी और इनोवेशन कंपनियां– गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, ऐप्पल
- सोशल मीडिया और डिजिटल एजेंसियां– ओगिल्वी, डब्ल्यूपीपी ग्रुप
- स्वतंत्र कंसल्टेंसी– कई ट्रेंड फोरकास्टर स्वतंत्र रूप से भी काम करते हैं।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

*किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर विजिट कर सकते हैं।*

---

# जीवन में सफलता हासिल करने के लिए सही रणनीति की आवश्यकता



मोटिवेशनल
डॉ. राजेश के. पिलानिया
प्रोफेसर, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम

हम जीवन में सफल होने और एक आशाजनक करियर बनाने की आकांक्षा रखते हैं। यह एक अच्छी आकांक्षा है। इसे साकार करने के लिए, किसी को सही रणनीति की आवश्यकता होती है-एक ऐसी रणनीति जो न केवल एक सफल करियर का मार्ग प्रशस्त करे बल्कि यह भी सुनिश्चित करे कि हम इस यात्रा में अपनी सेहत और रिश्तों को बनाए रखें और यात्रा का आनंद लें। यहाँ एक सफल करियर के लिए सात चरणों की रणनीति दी गई है। यदि आप किसी विशेष क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में प्रयास करते हैं, तो किसी दिन आप निश्चित रूप से अपने करियर में सफलता हासिल करेंगे।

## काम करने की गहरी इच्छा जरूरी

सवाल यह है, क्या आप वास्तव में वह काम करना चाहते थे? क्या आपके पास उस काम को करने की गहरी इच्छा है? यदि जवाब नहीं है, तो वह विशेष काम आपके लिए नहीं है। यह खोजने की कोशिश करें कि आप वास्तव में क्या करना चाहते हैं; घंटों काम करने के बाद, क्या चीज आपको और काम करने के लिए अधिक उत्साहित करती है?

**एक योजना बनाएं :** 'सपने देखने वाले' और 'सफलता पाने वाले' के बीच एक पतली रेखा होती है: 'योजनाबद्धता'। योजनाबद्धता एक व्यक्ति के जीवन का सबसे आवश्यक हिस्सा है। हर काम के लिए एक योजना बनाएं जो आप करना चाहते हैं, हर लक्ष्य के लिए जो आप हासिल करना चाहते हैं। लक्ष्य के 'क्यों' और 'क्या' को खोजें और उसी के अनुसार एक अनुशासित योजना बनाएं।

**योजना का पालन करें :** 'योजनाबद्धता' को सही मार्ग पर लागू करने की इच्छा के साथ पालन करना होगा, जो सफलता की ओर ले जाता है। जब आप एक योजना के साथ काम करते हैं, तो तीव्र परिवर्तन होता है।

**अपने संसाधनों को आवंटित करें :** हर संसाधन के पहलू का उचित तरीके से उपयोग करना एक बहुत बड़ा अंतर पैदा करता है, क्योंकि समय एक सीमित संसाधन है, और अवसर एक सीमित समय अवधि के साथ आते हैं, इसलिए अपने समय को पुरस्कृत प्रयासों पर लाना संसाधन प्रबंधन का मुख्य हिस्सा है।

## कार्य में जीवन संतुलन बनाए रखें

जब आप अपने करियर बनाने के मार्ग पर हों, तो जीवन को नजरअंदाज न करना आवश्यक है। यह महत्वपूर्ण है कि जीना बंद न करें। अपनी योजना और संसाधन आवंटन में, कुछ ब्रेक-टाइम रखें ताकि आप आराम कर सकें, अपनी सेहत का ध्यान रख सकें, और अपने रिश्तों का ध्यान रख सकें। अच्छी सेहत और अच्छे रिश्तों के बिना सफलता खोखली और अर्थहीन है।

**नियमित साप्ताहिक और मासिक मूल्यांकन, प्रतिक्रिया और सीख बनाए रखें :** अपनी प्रगति पर नज़र रखने से आपको उन बाधाओं के जवाब मिलते हैं, जो आपके लक्ष्यों और उपलब्धियों के बीच आ रही हैं। प्रयासों और निर्णयों का साप्ताहिक और मासिक मूल्यांकन रखना काम के प्रति विचार प्रक्रिया को विस्तार देता है।

**इस यात्रा का आनंद लें :** एक सफल करियर की यात्रा मांगलिक और चुनौतीपूर्ण होती है। इस प्रक्रिया का आनंद लेना आवश्यक है। यह महत्वपूर्ण है कि असफलताओं को दिल से न लें; इसके बजाय, असफलता से जो सीख मिलती है उसे लें और सुधार करें, और फिर से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें।

**लेखक :** डॉ. राजेश के. पिलानिया मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम में प्रोफेसर हैं। उन्होंने भारत में खुशी पर अग्रणी कार्य किया है और उन्हें भारत के **Happiness** प्रोफेसर और भारत के **Happiness** गुरु के रूप में लोकप्रिय रूप से जाना जाता है। उन्होंने दुनिया भर में लाखों लोगों के साथ खुशी के अंतर्दृष्टि साझा किए हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** रेडियोधर्मिता की खोज किसने की थी ?
(ए) रदरफोर्ड
(बी) हेनरी वेक्वेरेल
(सी) रोएंटजेन
(डी) आइन्स्टाइन

**2.** रेडियो सक्रियता किसका गुण है
(ए) इलेक्ट्रॉन का
(बी) प्रोटॉन का
(सी) न्यूट्रॉन का
(डी) नाभिक का

**3.** रेडियोसक्रिय परिवर्तन में भाग लेता है
(ए) परमाणु के संयोजी इलेक्ट्रॉन
(बी) परमाणु के कोर इलेक्ट्रॉन
(सी) परमाणु के नाभिक
(डी) इनमे से कोई नहीं

**4.** किसी परमाणु के स्थाई नाभिक में प्रोटॉनो की संख्या होती है
(ए) न्यूट्रॉन की संख्या के बराबर
(बी) न्यूट्रॉन की संख्या से अधिक
(सी) न्यूट्रॉन की संख्या से कम
(डी) इसमे से कोई नहीं

**5.** रेडियोधर्मिता की यूनिट है
(ए) ऐंग्स्ट्रॉम
(बी) कैंडेला
(सी) फर्मी
(डी) क्युरी

**6.** रेडियोधर्मी तत्व किसका उत्सर्जन करती है
(ए) पराबैंगनी किरणों का
(बी) $\alpha$ , $\beta$ तथा $\gamma$ विकिरण
(सी) रेडियो तरंगे
(डी) अवरक्त तरंगे

**7.** अल्फा और $\beta$ किरणों की खोज किसने की थी
(ए) डॉल्टन
(बी) रौंटजन
(सी) रदरफोर्ड
(डी) विलार्ड

**8.** किस वज्ञानिक ने $\gamma$ किरणों की खोज की
(ए) विलार्ड ने
(बी) रदरफोर्ड
(सी) रौंटजन
(डी) डॉल्टन

**9.** निम्न में कौन रेडियोसक्रिय किरण हीलियम नाभिक के समकक्ष होता है
(ए) $\alpha$ किरण
(बी) $\beta$ किरण
(सी) $\gamma$ किरण
(डी) इनमे से कोई नहीं

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(बी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता सुरेश पंवार को मातृ शोक

**सिरसा।** भाजपा नेता सुरेश पंवार की माता प्रेम लता पंवार इस सांसारिक यात्रा को पूरा कर प्रभु चरणों में लीन हो गई। वे स्व. लीला राम पंवार की धर्मपत्नी थी। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को खैरपुर स्थित शिवपुरी में किया गया। शोकाकुल परिवार में रमेश पंवार, नरेश पंवार, राजकुमार पंवार और सुरेश पंवार शामिल हैं। अंतिम यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट, नगर परिषद चेयरमैन वीर शांति स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उनके निधन पर अनेक सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### राम नवमी पर दुर्लभ सत्संग 6 को

**सिरसा।** श्री रामा क्लब चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा राम नवमी के पावन अवसर पर आगामी 6 अप्रेल को श्री राम कथा एवं दुर्लभ सत्संग का आयोजन किया जाएगा। रामलीला ग्राउंड में आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। ट्रस्ट के प्रधान अश्वनी बठला एवं महासचिव गुलशन वधवा ने बताया कि क्लब द्वारा हर वर्ष भगवान राम के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आगामी 6 अप्रेल को श्री रामा क्लब के प्रांगण में सुबह 10 से 12 बजे तक भजन संकीर्तन होगा। तत्पश्चात 12 से डेढ़ बजे तक सत्संग प्रवचन होगा, जिसमें पंडित शिव चंद्र भगवान राम की महिमा का गुणगान करेंगे। इसके पश्चात भंडारा एवं प्रसाद वितरण होगा। उन्होंने शहरवासियों का आह्वान किया कि रामनवमी के पावन अवसर पर सपरिवार पहुंचकर श्री राम कथा एवं दुर्लभ सत्संग कार्यक्रम में भाग लें।

### सोलर पंप कंट्रोलर चोरी का आरोपी काबू

**सिरसा।** ओढां थाना पुलिस ने सोलर पंप चोरी के मामले में आरोपी को काबू किया है। ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि गोरीशंकर पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी गांव पन्नीवाला मोटा के बयान पर कि उसका खेत गांव भागसर में पड़ता है और उसके खेत में सोलर पंप लगा हुआ था जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले जाने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी लवप्रीत उर्फ लबी पुत्र लखसिंह निवासी भागसर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 सोलर पंप कंट्रोलर बरामद किए गए है। आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और गहनता से पूछताछ कर अन्य मामलों के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी।

### युवक अवैध पिस्तौल सहित काबू

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने ओढां क्षेत्र से एक युवक को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी उप निरीक्षक राजपाल सिंह ने बताया कि एएसआई जगजीत सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान बस अड्डा पर मौजूद थे। इस दौरान एएसआई को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक अवैध पिस्तौल सहित कालांवाली रोड ओढां की ओर पैदल जा रहा है। टीम ने तुरंत रेड कर युवक को अवैध पिस्तौल सहित काबू किया। आरोपी की पहचान गुरविंद्र सिंह उर्फ गुरी पुत्र दर्शन सिंह निवासी देसुमलकाना के रुप में हुई है।

### नशे के अधिक सेवन से मौत के मामले में काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने मादक पदार्थ के अधिक सेवन से हुई मौत के मामले में गांव चौटाला से वांछित आरोपी अमरदीप उर्फ जगीरा पुत्र पृथ्वीराज निवासी चौटाला को काबू किया है। एएनसी प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि लखविंद्र सिंह उर्फ मिठा पुत्र करनैल सिंह निवासी सिखांवाली ढाणी चौटाला के बयान पर कि को उसके भतीजे लवप्रीत सिंह उर्फ ज्ञानी की शादी थी जो समय करीब 8/9 बजे रात को घर में पार्टी चल रही थी तो उसे पता चला कि उसका भतीजा हुसैन प्रीत सिंह उर्फ काली व उसका दोस्त मलकीत पुत्र गोगा राम निवासी गांव तेजाखेड़ा नशे में है।

---

### शहर के विकास के लिए 10 करोड़ से अधिक के बजट को मंजूरी

# जाखल नगरपालिका में प्रधान विकास कामरा और पार्षदों ने संभाला कार्यभार

- जाखल नगरपालिका के चुनावों में निर्दलीय उम्मीदवार विकास कामरा भाजपा प्रत्याशी को हराकर प्रधान चुने गए हैं



**फतेहाबाद।** जाखल नगरपालिका की बैठक में भाग लेते पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले की जाखल नगरपालिका की नई चुनी गई छोटी सरकार ने शुक्रवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। जाखल नगरपालिका के चुनावों में निर्दलीय उम्मीदवार विकास कामरा भाजपा प्रत्याशी को हराकर प्रधान चुने गए थे। 10 दिन पहले नगरपालिका अध्यक्ष व पार्षदों ने पंचकुला में हुए शपथ ग्रहण समारोह में सामूहिक रूप से शपथ ली थी। अब दस दिन बाद विधिवत रूप से प्रधान व पार्षदों ने कार्यभार संभाल कर शहर के विकास कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान 10 करोड़ 33 लाख की बजट राशि को भी मंजूरी दी गई। प्रधान और पार्षदों के कार्यभार संभालने के साथ ही अब संभावना जताई जा रही है कि शहर में पिछले लंबे समय से अटके विकास कार्यों में तेजी आएगी और आमजन को सुविधा मिल पाएंगी। 2 मार्च को जाखल नगरपालिका चुनाव संपन्न हुए थे। इसके बाद 12 मार्च को आए चुनाव नतीजों में विकास कामरा अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। खास बात ये है कि पहली बार शहर की जनता द्वारा अपने मतों का प्रयोग कामरा को अध्यक्ष पद की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा 14 नगर पार्षद भी चुने गए थे। प्रधान ने आज नवनिर्वाचित पार्षदों के साथ कार्यभार संभालते ही शहर के विकास कार्यों को गति देने बारे विस्तार से चर्चा की। प्रधान विकास कामरा ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि वह सभी पार्षदों को साथ लेकर जाखल में विकास कार्यों को नई ऊंचाईयों तक लेकर जाएं। लोगों की सभी समस्याओं का समाधान और उन्हें मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। अध्यक्ष विकास कामरा ने बताया कि शहर के विकास कार्य को लेकर किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। शहर के विकास को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायाब सैनी से मिलना क्यों न पड़े, वह उनसे भी मिलकर शहर का विकास करवाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

#### शहर के विकास पर रहा फोकस

नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा पदभार ग्रहण करने से पहले उनका कार्यालय पूरी तरह से चकाचक किया गया है। गौरतलब है कि विकास कामरा कांग्रेस के सहयोग से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीते थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र मित्तल को 1319 वोटों से हराया था। सुरेंद्र मित्तल पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली के खास समर्थक माने जाते हैं। विशेष बात यह है कि जाखल टोहाना विधानसभा क्षेत्र के तहत आता है, जो भाजपा के बड़े नेता राज्यसभा सांसद सुभाष बराला और पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली का इलाका है। प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद यहां भाजपा की हार ने सभी को चौंकाने का काम किया था।

---



**सिरसा।** डीईईओ को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ।

## शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर डीईईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी (डीईईओ) बूटाराम से मुलाकात कर प्राथमिक शिक्षकों की मांगों के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान विजय शर्मा, महासचिव विजय सहारण, राज्य कार्यकारिणी सदस्य तिलक भारद्वाज, ब्लॉक प्रधान सुधीर सुथार, अजमेर जांगड़ा, लाल बहादुर, संदीप रूंडला, संरक्षक प्रेम बोस ने बताया कि प्राथमिक शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर संघ की जिला इकाई आज जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से मिली व मांगों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी मांगों पर चर्चा उपरांत उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। प्राथमिक शिक्षक से मुख्य शिक्षक के पद पर पदोन्नति बारे अगले सप्ताह पत्र जारी कर पदोन्नति की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी। जो शिक्षक विभिन्न कारणों से कंफर्म नहीं हो पाए थे, उनका पत्र भी अगले सप्ताह जारी कर दिया जाएगा। एसीपी के विषय में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ एसओ व संबंधित कर्मचारी से भी लंबी चर्चा हुई, लेकिन कुछ विषयों पर अभी भी गतिरोध बना हुआ है, आगामी बैठक में फिर से इस विषय पर बात की जाएगी।

---

## भव्य कलश यात्रा के साथ नानी बाई का मायरा शुरू, उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** नानी बाई का मायरो से पूर्व कलश यात्रा निकालेत हुए।

प्राचीन श्री बंशीवट मंदिर में शुक्रवार को नानीबाई का मायरा कथा शुरू हुई। कथा से पूर्व मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जोकि मुख्य गलियों से होते हुए वापस मंदिर प्रांगण में पहुंची। कलश यात्रा का गलियों में लोगों ने अनेक स्थानों पर फूल मालाओं से स्वागत किया। कथा व्यास पंडित सुगन शर्मा ने भगवान के परम भगत नरसी का मधुर चरित्र सुना कर भक्तजनों पर आंनद वर्षा की। उन्होंने नानी बाई का मायरा कथा प्रारंभ करते हुए भक्ति के प्रकार एवं नाम-महिमा का महत्व बताया एवं मानव मात्र के कल्याण का मार्ग कैसे प्रशस्त हो, इस बारे में अपने प्रवचन में बताकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सरोबार किया। प्रधान इंद्र कुमार चिड़ावेवाला ने बताया कि कथा आगामी 6 अप्रेल तक चलेगी। उन्होंने सभी धर्म प्रेमी सज्जनों का आह्वान किया कि वे इस पावन कथा गंगा में आकर अपना जीवन धन्य बनाएं। इस मौके पर हीरालाल शर्मा, राजकुमार शर्मा, सुनील कुमार गोयल, संजय कुमार तायल, रामकुमार जैन, राजेंद्र जिंदल, संजय गोयल, संदीप सोनी, दीपक शर्मा, मुनीष शर्मा, तरूण, अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

## सीडीएलयू में साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला

- अंजान व्यक्ति को न बताए अपनी पर्सनल डिटेल : हरीश रोहिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** विद्यार्थियों व शिक्षकों को साइबर सुरक्षा बारे जागरुक करते विशेषज्ञ।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा शुक्रवार को साइबर हाइजीन सावधानी और सजगता की दिशा में एक कदम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य साइबर हमलों के प्रकार, साइबर अपराधों की प्रकृति, उनसे बचाव के उपायों तथा साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में शिकायत दर्ज करवाने की प्रक्रिया के प्रति प्रतिभागियों को जागरूक करना रहा। कार्यशाला की अध्यक्षता विभाग के अध्यक्ष प्रो. हरीश रोहिल ने की जबकि आयोजन सचिव की भूमिका असिस्टेंट डॉ. सुमन कासनिया ने निभाई और डॉ. कुलदीप वर्कशॉप कोर्डिनेटर की भूमिका निभाई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. विक्रम सिंह ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर हमलों की जटिलता बढ़ रही है। ऐसे में साइबर हाइजीन की समझ और अभ्यास हर विद्यार्थी और शिक्षक के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध न केवल आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि व्यक्ति की निजता और प्रतिष्ठा को भी खतरे में डालते हैं। हम सबकी यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर सावधानीपूर्वक व्यवहार करें और अपने साथ-साथ दूसरों को भी जागरूक करें। विशेषज्ञ वक्ता के रूप में जिला सूचना अधिकारी इंजीनियर सिकंदर ने साइबर सुरक्षा के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। वहीं, एडवोकेट कुलदीप जांदू ने कानूनी दृष्टिकोण से साइबर अपराधों से निपटने की जानकारी दी। कार्यशाला में प्रो. सत्यवान दलाल, प्रो. मुकेश गर्ग, डॉ. गीता राठी, डॉ. अमित सांगवान, डॉ. रवींदरढिल्लों, डॉ. संदीप, डॉ. नरेश लता, गोपाल, पूनम, नीरू आहूजा, शोधार्थियों व विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को समझा। मंच संचालन सोनाली व महक ने किया।

---

## धूमधाम से मनाई गुरु सुदर्शन जन्म जयंती

- श्रद्धालुओं ने प्रभातफेरी में शामिल होकर जताई आस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** जैन सभा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु।

एसएस जैन सभा, ठाकर बस्ती फतेहाबाद में आज गुरू सुदर्शन जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस उपलक्ष्य में आज सुबह श्रद्धालुओं द्वारा 5:30 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद फतेहाबाद जैन स्थानक में विराजमान जैन साध्वियों द्वारा गुरू सुदर्शन के गुणों पर प्रकाश डाला दिया। उन्होंने गुरूदेव के गुणों का बखान करते हुए श्रद्धालुओं से उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का आहवान किया। महासाध्वी श्री सुरक्षा जी म. ठाणे-3 व महासाध्वी श्री शिवप्रज्ञा जी म. ठाणे-4 ने कहा कि गुरूदेव के गुणों का व्याख्यान करना गागर में सागर भरने जैसा है। गुरूदेव ने सहनशीलता, संयम, सेवा, स्वाध्याय, जप और तप की ऐसी मिसाल पेश की है जो अन्यत्र देखने को नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि गुरूदेव की कथा-प्रवचन शैली इतनी अद्भुत थी कि लोग उनकी वाचन कला से खींचे चले आते थे। गुरू सुदर्शन जी का व्यक्तित्व दुर्लभ पुष्प की भांति आकर्षक था। उन्होंने गांव, शहर, कस्बे हर क्षेत्र में धर्म की लौ जलाई। पूज्य गुरुदेव ने उत्तर भारत में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू व यू.पी. में जैन युवकों को व्यसनों से मुक्त रखा। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में गुरूओं के गुणों को धारण करना चाहिए। इस अवसर पर काफी संख्या में जैन श्रद्धालु मौजूद रहे। गुरूसेवक परिवार फतेहाबाद के सदस्यों ने जिला प्रधान मुकेश प्रजापति के नेतृत्व में अपनी सेवाएं प्रदान की और कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरित किया गया।

### डिफेंस कॉलेज का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**फतेहाबाद।** टोहाना के भूना रोड स्थित डिफेंस पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन का चौधरी देवीलाला विश्वविद्यालय सिरसा का एम.एड. व डीपीएड का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। एम.एड. तृतीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान अंशुल बंसल ने, द्वितीय स्थान रेनु रानी ने व तृतीय स्थान अमरजीत ने प्राप्त किया तथा अंशुल बंसल ने विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। डीपीएड प्रथम सेमेंस्टर में प्रथम स्थान अर्चना शेखावत, द्वितीय स्थान मोनिका व तृतीय स्थान ज्योति ने प्राप्त किया तथा तृतीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान दिव्या व यशोदा ने व द्वितीय स्थान जगदीश प्रसाद, रेनूका सैनी व मुकेश कुमार ने प्राप्त किया।

---

## प्राइमरी स्कूलों में भर्ती होंगे संस्कार टीचर : रमेश शाक्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- संस्कार टीचर द्वारा महज एक से दो घंटे की पढ़ाई करवाई जाएगी

जनहित ट्रस्ट समाजसेवी संस्था के चेयरमैन और राजस्थान के राज्य परियोजना अधिकारी रमेश शाक्य और हरियाणा, उत्तर प्रदेश के राज्य परियोजना अधिकारी बजरंग बली राव ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत सभी राज्य के सरकारी प्राइमरी स्कूलों में संस्कार टीचरों की भर्ती की जा रही है। यह भर्तियां एक नामी संस्था द्वारा की जा रही है। इसके लिए 12वी पास होना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि संस्कार टीचर द्वारा महज एक से दो घंटे की पढ़ाई करवाई जाएगी। इसके बदले 9240 रु माह वेतन मिलेगा इसके अलावा भी संस्कार टीचरों को अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी। रमेश शाक्य ने कहा कि इसके ऑफलाइन ओर ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के साथ साथ पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी प्राइमरी सरकारी स्कूलों में संस्कार टीचरों की भर्ती की जा रही है।

---

## एक क्रिकेट सट्टेबाज को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अपराध शाखा ऐलनाबाद पुलिस टीम ने सिरसा में क्रिकेट बुकीज की धरपकड़ करते हुए एक क्रिकेट सट्टेबाज को गिरफ्तार किया है, जबकि यूजर और पासवर्ड देने के आरोप में एक अन्य के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। एएसआई सुखदीप सिंह की ओर से थाना सिविल लाइन सिरसा में दर्ज करवाई गई शिकायत में बताया कि पुलिस पार्टी गश्त के दौरान किसान चौक पर थी, तभी किसी मुखबीर ने कोलकत्ता व हैदराबाद के बीच खेले जा रहे आईपीएल मैच की क्रिकेट सट्टाखाईवाली की सूचना मिली। मुखबीर ने बताया कि हुडा सेक्टर-20 के मकान नंबर 153 पर क्रिकेट सट्टे का धंधा किया जा रहा है।

सूचना मिलने पर पुलिस पार्टी ने सर्च वारंट प्राप्त कर मौके पर दबिश दी। पुलिस ने लैपटॉप पर आनलाइन मैच चलते और एक व्यक्ति को लैपटॉप पर ही जेड-अकाऊंट पर सट्टे का हिसाब करते हुए पाया। पूछताछ में आरोपी की पहचान नितिश शर्मा पुत्र श्याम लाल निवासी शिव मंदिर वाली गली बेगू रोड सिरसा बताया। उसने बताया कि वह क्रिकेट बुकी का कार्य कमीशन पर करता है। उसका मालिक बंटी डीजे निवासी लेखराज वाली गली सिरसा है, जोकि उसे यूजर और पासवर्ड देता है। पुलिस ने मौके पर लैपटॉप, एक मोबाइल, चार्जर बरामद किया है।

---

## कांग्रेस नेता राजकुमार नारंग का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



- राजकुमार नारंग के निधन पर शोक

गांव भोडियाखेड़ा के प्रमुख समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार नारंग का गत दिवस निधन हो गया। गमगीन माहौल में गांव भोडियाखेड़ा शिवपुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। राजकुमार नारंग के निधन पर शहर की अनेक सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं ने शोक जताया और दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। बता दें कि राजकुमार नारंग फतेहाबाद की अनेक प्रमुख सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए थे और समाजसेवा के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहते थे। उनके निधन पर मनोहर मैमोरियल कॉलेज के प्रधान राजीव बत्रा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट व सुदर्शन बत्रा, पंचनद सेवा ट्रस्ट के प्रधान किशोरी लाल नारंग व अनिल असीजा, ट्रस्ट के पूर्व जिला प्रधान गुलशन रूखाया, विजय निर्मोही, संजीव गेरा, अरोड़वंश महासभा फतेहाबाद के प्रधान मोहरी राम ग्रोवर, अमर ज्योति मंदिर के प्रधान मेहरचंद गिल्होत्रा व निदेशक राजीव ठक्कर, भाजपा किसान मोर्चा के प्रधान रणबीर सिंह चौधरी, श्री कृष्णा सेवा समिति के प्रधान राजेन्द्र आहूजा, प्रमुख समाजसेवी शरद बत्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता टेकचंद मिढ़ा, शिवपुरी सभा फतेहाबाद के प्रधान भीमसैन आनंद, नगरपरिषद उपप्रधान प्रतिनिधि बिन्टू टुटेजा, भूना नगरपालिका के प्रधान प्रतिनिधि पंकज पसरीजा सहित सैंकड़ों लोगों ने शोक जताया।

---

**कार्यशाला** महिलाओं में खून की कमी के कारण होने परली परेशानियों से अवगत करवाया

## स्वस्थ खानपान पर ध्यान दें छात्राएं: डॉ. नारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** अंजली नारंग छात्राओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में विस्तर से बताते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय नेशनल महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शुक्रवार को मासिक धर्म, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। मासिक धर्म, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर डॉ. अंजली नारंग ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के महत्व, स्वास्थ्य लाभ, सेनेटरी पैड के उचित उपयोग एवं मासिक धर्म से जुड़ी अनियमित मासिक चक्र, पीएमएस एवं अन्य समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारियां प्रदान कीं। डॉ. अंजली नारंग ने प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में बताते हुए स्वस्थ एवं सुरक्षित संबंधों, परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों और विकल्पों, यौन रोगों एवं इन रोगों से बचाव की विधियों से भी अवगत करवाया। उन्होंने छात्राओं को गर्भावस्था एवं प्रसव के बारे में बताते हुए इनसे जुड़ी समस्याओं एवं रोगों के कारणों हुए इनके निवारण संबंधी उपयोगी जानकारी प्रदान की। महिलाओं में खून की कमी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए खानपान के साथ साथ जीवन शैली में परिवर्तन और खानपान से जुड़ी आदतों में सुधार करें तथा शारीरिक व्यायाम एवं सक्रियता बढ़ाएं व पौष्टिक आहार लें। हिमोग्लोबिन की कमी के प्रति सचेत करते हुए डॉ. अंजली नारंग ने ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, इनके लक्षणों और इनकी वैक्सीनेशन से भी अवगत करवाया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मीत ने कहा कि महिलाएं अक्सर प्रजनन एवं मासिक धर्म जैसे विषयों पर बात करने से कतराती हैं, इसलिए महिला प्रकोष्ठ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ऐसे अतिसंवेदनशील एवं अनिवार्य विषयों पर बातचीत को सहज बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है।

#### व्याख्यान को अति-महत्वपूर्ण बताया

*डॉ. नारंग ने छात्राओं के स्वास्थ्य इत्यादि से संबंधित विभिन्न व्यक्तिगत प्रश्नों के भी सटीक, स्पष्ट और संतोषजनक उत्तर दिए। प्राचार्य प्रो. हरजिंद्र सिंह ने डॉ. अंजली नारंग के व्याख्यान को अति-महत्वपूर्ण, उपयोगी एवं अनिवार्य बताते हुए कहा कि छात्राओं का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य महाविद्यालय की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है।*

---

## सेंट जोसफ स्कूल में हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

**बच्चों का फूल देकर किया सम्मान**

टोहाना के भूना रोड स्थित सेंट जोसफ़ इंटरनेशनल स्कूल में विधिवत हवन पूजन के साथ नए सत्र की शुरुआत हुई। हवन पूजन के बाद नए सत्र की कक्षाएं भी संचालित कर दी गई। पूजा अर्चना के दौरान विद्यालय में हनुमान चालीसा, गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना विधिवत रूप से किया गया। इसके उपरांत पंडित जी ने विधि विधान पूर्वक हवन पूजन कराया। स्कूल प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में नए सत्र का आगाज हवन पूजन के साथ ओर नए संकल्प एवं नए लक्ष्य के साथ किया गया। साथ ही सभी कक्षाओं में विधिवत रूप से शिक्षण कार्य भी प्रारंभ किया गया। जिससे बच्चे एवं विद्यालय परिवार अपने लक्ष्य की प्राप्ति आसानी से कर सकें। पूजा के पश्चात प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्या कुलदीप कौर, एस्टेट मैनेजर उमेद सिंह सहित स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### डबवाली में लाखों के आभूषण चोरी

**डबवाली।** डबवाली में एक रिटायर्ड बैंक अधिकारी के घर से करीब 18-20 लाख रुपये कीमत के सोने के जेवरात चोरी का मामला तूल पकड़ गया है। गोल चौकी पुलिस ने जिस प्रकार से इस मामले में कार्रवाई की उससे पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े गए। पुलिस चोरी तो बरामद नहीं कर पाई लेकिन चोरी के आरोप में उक्त घर की एक नौकरानी के साथ थर्ड डिग्री मारपीट के आरोप के लपेटे में आ गई। एसपी डबवाली सिद्धांत जैन ने मामले की जांच करने के निर्देश दिए है।

### युवक पर तेजधार हथियार से हमला

**सिरसा।** शहर में एक युवक पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया गया। इस दौरान युवक को गंभीर चोटें आई है। पुलिस को दी शिकायत में सिगीकाट मोहल्ला निवासी अमित उर्फ टिंटू ने बताया कि बीते दिवस वह अपने घर से बहन के घर जागरण में जा रहा था।

### ट्रक चालक से मारपीट कर लूटपाट, केस दर्ज

**सिरसा।** डबवाली रोड पर सिरसा क्लब के समीप देर रात को एक ट्रक चालक के साथ मारपीट कर लूटपाट का मामला सामने आया है। राजस्थान के बीकानेर से नोखा निवासी ट्रक चालक दामोदर ने बताया कि वह बीती रात करीब 9.30 बजे सिरसा में पार्टी की लोकेशन पर पहुंच गया था। जब पार्टी को फोन किया तो उन्होंने कहा कि कोई दिक्कत नहीं, यहीं खड़े हो जाओ, सुबह लेबर आएगी। रात करीब साढे तीन बजे पेशाब करने के लिए उठा तो कुछ लडक़े आए और पीछे से उसे दबोच लिया और मारपीट कर लूटपाट की।

### नशा तस्करों की असली जगह जेल: विक्रांत भूषण

**सिरसा।** जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए अभियान के तहत बीते 3 माह की अवधि के दौरान मादक पदार्थ अधिनियम के तहत कुल 96 अभियोग दर्ज कर गिरफ्तार किए गए 145 लोगों के कब्जा से 474 किलो 744 ग्राम डोडा व चूरापोस्त जबकि 6 किलो 571 ग्राम हैरोइन, करीब 3 लाख 65 हजार नशीली गोलियां व अन्य सामान बरामद किया है।

### रिटायर्ड शिक्षक से मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**भूना।** गांव ढाणी डूल्ट के रिटायर्ड मुख्याध्यापक रामस्वरूप मावलिया से घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों से पूछताछ की जा रही है जबकि दो अन्य हमलावरों की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस जांच अधिकारी बुधराम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में टहना और विजय शामिल हैं।

### आंगनबाड़ी में रेडीनस मेले का आयोजन

**रतिया।** रतिया के वार्ड नंबर 9 में स्थित आंगनबाड़ी प्ले स्कूल में आज रेडिनस मेले का आयोजन किया गया जिसमें वार्ड के लोगों को आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में सुपरवाइजर स्मेसता ने भाग लिया। प्ले स्कूल की इंचार्ज आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रजनी मित्तल व उषा ने मेले में आए सभी अभिभावकों का स्वागत किया।

### धूमधाम से मनाया जाएगा भाजपा का स्थापना दिवस

**फतेहाबाद।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि जिले में भाजपा का स्थापना दिवस को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसको लेकर कार्यकर्ताओं में खूब उत्साह है। प्रवीण जोड़ा ने बताया कि 6 अप्रैल रविवार को फतेहाबाद जिले के प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता कम से कम 50 घरों में पार्टी का ध्वज फहराएंगे। इसके साथ ही बीजेपी जिला कार्यालय को सजाया जाएगा।जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बताया कि स्थाना दिवस का कार्यक्रम 6 व 7 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इसके बाद 8 व 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन होगा।

---

### नपा अध्यक्ष ने ठेकेदार का भुगतान रोका

# भूना में सड़क निर्माण में टाइलों के नीचे नहीं लगाया बेस, जांच की सिफरिश

### इंटरलॉकिंग सड़क में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना



भूना। घटिया सामग्री के इस्तेमाल के उबड़-खाबड़ बनी हुई सडक़।

खैरी रोड से मिठूराम के खेत तक बन रही इंटरलॉकिंग सडक़ में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री के इस्तेमाल के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सडक़ की टाइल्स उखडऩे लगी हैं। निर्माण कार्य मानक के अनुसार नहीं हुआ। सडक़ ऊबड़-खाबड़ बन गई है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। इससे खफा नगर पालिका की चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसरीजा ने ठेकेदार का भुगतान रोक दिया है। उन्होंने बिल पर आपत्ति दर्ज करवाते हुए सरकार से विजिलेंस जांच की मांग की है। चेयरपर्सन का कहना है कि टाइल्स के नीचे बेस सही नहीं बनाया गया। इससे टाइल्स जल्दी खराब हो जाएंगी। कुछ लोगों ने बताया कि बेस में पत्थर नाम मात्र डाले गए। रोलर भी नहीं चलाया गया। मिट्टी का ज्यादा इस्तेमाल किया गया। इसी कारण सडक़ बनने से पहले ही खराब हो गई। बता दें कि भूना नगर पालिका सीमा से बाहर खेतों के रास्ता को करीब 60 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग से बना दिया गया। अधिकारियों ने राजनीतिक दबाव में यह काम करवाया, जबकि शहर की 80 से ज्यादा गलियां आज भी कच्ची और बदहाल हैं। इस रास्ते को पक्का करने का प्रस्ताव नगरपालिका हाउस की मीटिंग में पास हुआ था। मीटिंग में तय हुआ था कि भुगतान सरकार की ग्रांट से होगा, लेकिन ठेकेदार को भुगतान के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाया गया। अधिकारियों ने बिल पर हस्ताक्षर कर दिए लेकिन चेयरपर्सन ने इस पर आपत्ति जताई और विजिलेंस जांच की मांग की है। चेयरपर्सन ने कहा कि शहर की गलियां खराब हालत में हैं, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते ठेकेदार मानक के विपरीत काम कर रहा है। वह नगर पालिका से भुगतान लेना चाहता है, जबकि उच्च अधिकारियों ने कहा था कि भुगतान ऊपर से होगा। इससे नगर पालिका को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है।

#### क्या कहते है नगरपालिका सचिव

नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि चेयरपर्सन ने ठेकेदार के बिल पर आपत्ति लगाई है। उनके हस्ताक्षर के बिना भुगतान नहीं हो सकता। निर्माण सामग्री में गड़बड़ी की कोई शिकायत उनके पास नहीं आई है। चेयरपर्सन ने भी कोई जानकारी नहीं दी। फिर भी जांच के लिए टीम मौके पर भेजी जाएगी।

### नपा फाइनेंस कमेटी ने 67 दिन पूर्व दी थी विकास कार्यों को मंजूरी

- जेई ने नहीं लगाया टेंडर
- जेई बोला : विपक्षी पार्टी से है नपा अध्यक्ष
- चेयरपर्सन और कनिष्ठ अभियंता के बीच विवाद खुलकर सामने आ गया



अर्पणा पंकज पसरीजा और जेई राजेश कुमार।

**भूना।** नगर पालिका भूना में चेयरपर्सन और कनिष्ठ अभियंता के बीच विवाद खुलकर सामने आ गया है। चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसरीजा ने जेई राजेश कुमार को कारण बताओ नोटिस भेजा है। आरोप लगाया कि 4 फरवरी 2025 को फाइनेंस कमेटी ने 67 विकास कार्यों को मंजूरी दी थी। 60 दिन बीतने के बाद भी इन कार्यों के टेंडर नहीं लगाए गए।

इससे शहर की जनता परेशान है। कई टेंडर 2023 में लगाए गए थे, पर अब तक नहीं खोले गए। कई गलियों में लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। चेयरपर्सन ने कहा कि अधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने में बाधा बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही पूरी रिपोर्ट बनाकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और नगर निकाय मंत्री विपुल गोयल को शिकायत भेजी जाएगी। वहीं, कनिष्ठ अभियंता राजेश कुमार ने कहा कि चेयरपर्सन को उन्हें नोटिस देने का अधिकार नहीं है, इसलिए नोटिस का जवाब दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ही टेंडर लगाए जा रहे हैं। सभी कार्य नियमों के तहत हो रहे हैं। शहर में कई करोड़ के विकास कार्य पूरे हुए हैं और बाकी प्रगति पर हैं। जेई ने आरोप लगाया कि चेयरपर्सन विपक्षी पार्टी से जुड़ी हैं और सरकार की छवि खराब करने के लिए अधिकारियों को बदनाम कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चेयरपर्सन गैरकानूनी काम करवाने का दबाव बना रही हैं। टेंडर लगाने और खोलने का अधिकार कनिष्ठ अभियंता के पास नहीं होता, इसलिए उन्हें गलत तरीके से नोटिस दिया गया।

---



सिरसा। ट्रक चालक से लूट के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। *फोटो : हरिभूमि*

# ट्रक चालक से लूटपाट के आरोपी गिरफ्तार

- चार आरोपियों में एक महिला भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

ऐलनाबाद क्षेत्र में ट्रक चालक से हुई लूट की वारदात को ऐलनाबाद थाना पुलिस ने सुलझाते हुए महिला सहित चार युवकों को काबू किया है। ऐलनाबाद थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बलवीर उर्फ अनिल पुत्र छिंद्रपाल, हरतेज सिंह पुत्र गुरदेव सिंह, सिमरन कौर उर्फ परी पत्नी बलबीर सिंह निवासी बुढीमेड़ी व गुरसेवक उर्फ बच्ची पुत्र अवतार सिंह निवासी संतनगर जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि बीते दिवस ट्रक चालक अजीत कुमार पुत्र सेवा सिंह निवासी गांव ढाणी मिरदाद बरवाला, जिला हिसार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 31 मार्च को रात्रि करीब 1 बजे वह अपना ट्रक लेकर हनुमानगढ़ राजस्थान की ओर जा रहा था। इसी दौरान ट्रक जब उधम सिंह चौक के पास पहुंचा तो कार सवार तीन अज्ञात युवक व एक महिला ने पिस्तौल के बल पर 35 हजार रुपए की नकदी व एक मोबाइल फोन छीनकर मौका से फरार हो गए।

#### केस दर्ज किया

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर ऐलनाबाद थाना में लूटपाट व छीना-झपटी का केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान ऐलनाबाद थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक महिला व तीन युवकों को काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोगों से विस्तार से पूछताछ की जा रही है और पूछताछ के दौरान छीना-झपटी की अन्य अपराधिक वारदातों का खुलासा होने की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

---

# आर्किटेक्चर पर हुआ एक्सपर्ट सेमिनार

- राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान के आर्किटेक्चर विभाग ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। सेमिनार में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

भारतीय अग्नि एवं सुरक्षा संघ के प्रधान डॉ. नागेंद्र नारायण ने राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान के आर्किटेक्चर विभाग में एक एक्सपर्ट सेमिनार के दौरान संस्थान की छात्राओं को वास्तुकला के नवीनतम आयामों से अवगत करवाया। डॉ. नागेंद्र नारायण ने सेमिनार के पहले सत्र में देश में सतत विकास के लिए जरूरी हरित आर्किटेक्चर से लेकर स्मार्ट बिल्डिंग के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने युवा छात्राओं को अपने हुनर और कला कौशल के द्वारा देश के विकास में बहुमूल्य योगदान देने के लिए प्रेरित किया। आर्किटेक्चर में उभरते क्षेत्रों की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने छात्राओं को आर्किटेक्चर में उच्चतर शिक्षा, सरकारी तथा प्राइवेट नौकरियों के साथ-साथ एक अच्छा उद्यमी या फ्रीलांसर बनने के लिए पथ प्रदर्शन किया। वहीं सेमिनार के दूसरे सत्र में उन्होंने भारत में भवनों की आपदाओं और आग से सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने फायर सेफ्टी के लिए जरूरी नियमों और तकनीकों की जानकारी दी।

# नशे के खिलाफ निकलेगी मेगा साइक्लोथान रैली

- साइक्लोथॉन 25 व 26 अप्रैल को जिला के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे करेगी जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। साइक्लोथॉन रैली की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते एडीसी अनुराग ढालिया। *फोटो : हरिभूमि*

जिला के युवाओं को नशे से मुक्त जीवन का संदेश देने एवं नशा न करने के लिए जन जागरण संदेश को लेकर अप्रैल माह में साइक्लोथॉन रैली जिला में पहुंचेगी। इस रैली को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हिसार से 5 अप्रैल को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस रैली में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और फिटनेस को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया जाएगा। यह साइकिल रैली 25 अप्रैल को हिसार जिला की सीमा से फतेहाबाद जिला के खंड भूना से जांडली खुर्द गांव से प्रवेश करेगी। इसके पश्चात झलनिया होते हुए फतेहाबाद पहुंचेगी और रात्रि ठहराव फतेहाबाद होगा और 26 अप्रैल को गांव दरियापुर होते हुए सिरसा पहुंचेगी। एडीसी एवं साइक्लोथॉन 2.0 के नोडल अधिकारी अनुराग ढालिया ने लघु सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को साइक्लोथॉन 2.0 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दी। एडीसी ने बताया कि इस साइक्लोथॉन का मुख्य उद्देश्य नशे को जड़ से उखाड़ फेंकने के साथ-साथ युवाओं को स्वस्थ और नशा मुक्त जीवनशैली की ओर प्रोत्साहित करना है।

#### तैयारियों की समीक्षा

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इस साइक्लोथॉन में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा अन्य संबंधित विभाग इस कार्यक्रम का सफल क्रियांवयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह साइक्लोथॉन यात्रा 5 अप्रैल को हिसार से आरंभ होगी और विभिन्न जिलों से होते हुए जिला फतेहाबाद में 25 अप्रैल को प्रवेश करेगी। इसके उपरांत 26 अप्रैल को सिरसा जिला में पहुंचेगी। एडीसी ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से जन-साधारण को स्वास्थ जीवनशैली अपनाने की ओर प्रोत्साहित करने के संकल्प को दर्शाया गया है।

# तेल पाइपलाइन को लेकर की मॉक ड्रिल

- रामामंडी-रेवाड़ी कानपुर पाइपलाइन पर फतेहाबाद में हुई मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव अहरवां में आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक ड्रिल में भाग लेते कर्मचारी।

हिंदुस्तान पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड की रामामंडी-रेवाड़ी कानपुर पाइपलाइन के अधिकारियों ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर आपदा प्रबंधन का ड्रिल किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से एफआरए संजीव कुमार, एसएचओ कुलदीप कुमार आदि मौजूद रहे। अधिकारियों द्वारा ड्रिल का अवलोकन किया गया और एसपीसीएल द्वारा पाइपलाइन की सुरक्षा हेतू निरंत किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इसकी सुरक्षा में प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा। इस मौके पर एचपीसीएल के उप महाप्रबंधक जी नरसिंगा राव ने बताया कि यह पाइपलाइन एक राष्ट्रीय संपति है और इसकी सुरक्षा के लिए इस तरह के अभ्यास जिला स्तर पर किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि तेल पाइपलाइन अत्यंत ज्वलनशील पैट्रोलियम पदार्थ का सुरक्षित रूप से परिवहन करता है। पाइपलाइन को असामाजिक तत्वों द्वारा लाइन के साथ की गई छेड़छाड़ भारी मात्रा में जान और माल की हानि पहुंचा सकती है।

#### आपदा प्रबंधन का अभ्याय

उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन अभ्यास इस तरह की घटना को ध्यान में रखते हुए कम से कम हानि सुनिश्चित करता है और पुनः संचालन में मदद करता है। पी एंड एमपी एक्ट में इस प्रकार की हानि पहुंचाएं जाने के लिए आजीवन कारावास एवं मृत्यु दंड का भी प्रावधान है। साथ ही इसमें यह बताया गया किसी भी अपराध में पुलिस को गैर जमानती गिरफ्तारी का प्रावधान है। इस अवसर पर एचपीसीएल की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक आशुतोष आदित्य, शैलेन्द्र राव, सिद्धार्थ कुमार, विशाल कुमार सिंह, उप प्रबंधक आदित्य सोम, परिचालन अधिकारी सचिन चक्रवर्ती, हिमांशु राणा, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# हरियाणा विधानसभा में युवा संवाद में छात्रा सवीना की रही भागीदारी

### डिजिटल इंडिया और महिला सशक्तिकरण पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा महाविद्यालय विधानसभा सदन में दो दिवसीय हरियाणा युवा संवाद 2025 में बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा सवीना ने रुलिंग पार्टी के सदस्य के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसकी चयन प्रक्रिया में पूरे भारत में नामांकन के पश्चात सभी विद्यार्थियों से तीन चरणों में साक्षात्कार लिया गया जिसमें 80 विद्यार्थियों के चयन में छात्रा सवीना ने अपनी जगह बनाई। 2 और 3 अप्रैल को दो दिवसीय हरियाणा विधानसभा सदन में युवा संवाद के माध्यम से वास्तविक विधानसभा कारवाई की तरह ही विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। प्रथम दिन युवा संवाद का उदघाटन विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्ण मिढा के मार्गदर्शन में हुआ जिसमें विभिन्न छात्रों ने सत्ता पार्टी, विपक्ष एवं स्वतंत्र सदस्य के रूप में भूमिका निर्वाहन करते हुए सत्ता पक्ष व विपक्ष के प्रश्नों का उतर विभिन्न सदस्य मंत्रियों द्वारा दिया गया। इसके पश्चात सभी सदस्यों द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए। दूसरे दिन के कार्यक्रम में विधानसभी के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने अध्यक्षता की। इस सत्र में डिजिटल इंडिया और महिला सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श किया गया। समापन सत्र पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सिरसा एजुकेशन सोसायटी, सिरसा के प्रधान अरविंद बंसल व कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने छात्रा सवीना को युवा संवाद में शामिल होकर महाविद्यालय का नाम रोशन करने पर हार्दिक बधाई दी।

# विशेष रसायनों-विलायकों के उपयोग व भंडारण के लिए लाइसेंस अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

भारत सरकार द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत 05 जून 2000 और 08 जनवरी 2001 को विलायक रेफिनेट और स्लॉप अर्जन, विक्रय, भंडारण और ऑटोमोबाइल में उपयोग का निवारण आदेश 2000 जारी किया गया था। इस आदेश के तहत कई विशेष रसायनों और विलायकों (सॉल्वेंट्स) के उपयोग और भंडारण के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक मुकेश कुमार ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था 50 किलो लीटर प्रति माह से अधिक इन पदार्थों का उपयोग करती है या 20 किलो लीटर से अधिक का भंडारण किया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति या संस्था को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि इस आदेश के अंतर्गत कुछ पदार्थ जैसे एसबीपी स्पिरिट्स/एसबीपी सॉल्वेंट्स, सी-9 सॉल्वेंट्स/रैफिनेट्स, सी-6 रैफिनेट्स, पेंटेन, सिक्सन, सॉल्वेंट 90, हेक्सेन, हेप्टेन, रिसोल, एनजीएल, एमटीओ, एरोमेक्स, आयोमेक्स, फ्यूरेन ऑयल (एफओ), लाइट डीजल ऑयल (एलडीओ) आदि का उपयोग करने वालों के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक होगा। उन्होंने सभी संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं को निर्देश दिए हैं।

### समाधान शिविर में महिला उपभोक्ता की शिकायत

# बिजली चोरी का झूठा केस बनाकर जुर्माना वसूला

- एडीसी अनुराग ढालिया ने समाधान शिविर में सुनी नागरिकों की समस्याएं, 17 शिकायतें प्राप्त हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद




फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एडीसी अनुराग ढालिया। *फोटो : हरिभूमि*

लघु सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों को उनके जल्द निवारण के निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निपटान के लिए बैठक में मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनता की शिकायतें प्राथमिकता से सुनी जाएं और मौके पर ही समाधान प्रदान करते हुए नागरिकों को राहत दी जाए। समाधान शिविर के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से जुड़ी सेवाएं और जानकारी मिलती है। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

#### शिविर में ये शिकायतें रखी गई

समाधान शिविर में गांव खजूरी जाटी निवासी दीपिका रानी ने बिजली चोरी का झूठा केस बनाकर जुर्माना वसूलने, शक्ति नगर निवासी सुभाष द्वारा बिजली विभाग द्वारा गलत जुर्माना लगाने, फतेहाबाद निवासी ममता ने परिवार पहचान पत्र में तलाक हो जाने के बाद नाम न हटाने, नरेश कुमार द्वारा पीपीपी आईडी में आय कम करवााने, पीली मंदोरी निवासी सुबेरबार ने राशन कार्ड बनवाने, मनीराम एंड बर्दर ने बकाया राशि दिलवाने, भट्टूकलां निवासी ईश्वर सिंह व ब्राह्मणवाला निवासी गुरजीत ने आय कम करवाने, ग्राम पंचायत अलीका का लाल डोरे से पंचायती जमीन निकलवाने, गांव गिल्लांखेड़ा समस्त ग्राम निवासी प्लाट नंबर 56 पर नाजायज कब्जा हटवाने, कविता पत्नी पवन कुमार बीमारी के लिए आर्थिक सहायता दिलवाने, जैरनल सिंह ने प्रोपर्टी आईडी बनवाने, गांव डूल्ट निवासी गुरप्रीत डिपो होल्डर के गलत व्यवहार के खिलाफ शिकायत करने, ढाणी गोपाल निवासी प्रदीप ने लाल डोरे की जमीन को लेकर शिकायत दी।